# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
# ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, दलसिंहसराय, समस्तीपुर

**Email ID:- rwddalsinghsaray@gmail.com**

पत्रांक 843 दिनांक 29|05|2021

**प्रेषक,** **कार्यपालक अभियंता,**
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमडल, दलसिंहसराय

**सेवा में,**

**संवेदक,**
अजय कुमार
At + Post – Rampur Jalalpur, Dist – Samastipur

**विषय–** **पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य करने के संबंध में।**

**प्रसंग–** **इस कार्यालय के पत्रांक ............ दिनांक ............**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के आलोक मे पुनः स्मारित किया जाता है कि आपके द्वारा निर्मित पथ – L024-MDR to Sahbazpur (शीर्ष PMGSY) अभी अनुरक्षण अवधि मे है तथा आपके द्वारा संतोषजनक अनुरक्षण कार्य नहीं कराया जा रहा है। निरीक्षण क्रम मे पथों मे फ्लैक संधारण, धास कटाई तथा उपरी सतह का क्षति पाया गया । एकरारनामा / एस0बी0डी0 के अनुसार आपको कार्य पूर्ण करने के पॉच वर्ष बाद तक अनुरक्षण कार्य करते हुये सड़क को सही स्थिति मे रखना है। लेकिन आपके द्वारा अनुरक्षण कार्य को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है, इस संबंध मे अनेकोबार दूरभाष एवं पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता रहा है।

पुनः निर्देश दिया जाता है कि स्वयं स्थल निरीक्षण करते हुये पथ / पुलियो के आवश्यक सभी मदो का अनुरक्षण कार्य पूर्ण करावें। साथ ही कनीय अभियंता / सहायक अभियंता से कराये गये कार्य का सत्यापन कराकर मापी एवं विपत्र इस कार्यालय मे समर्पित करें, जिससे भुगतान हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जा सकें।

तीन दिनों के अंदर अनुरक्षण कार्य पूर्ण नहीं किये जाने पर एकरारनामा / एस0बी0डी0 के सुसंगत कंडिकाओं के अनुसार आपके एकरारनामा को विखंडन करते हुये जमा राशि जब्त करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जायेगी, जिसके लिये आप स्वयं जिम्मेवार होगें।

विश्वासभाजन
29-05-2021

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, दलसिंहसराय